RNI No.-UPHIN2016/70155

KD NEWS आज कल तक

# के.डी.न्यूज

हिन्दी समाचार पत्र

वर्ष–04 अंक–02 सुलतानपुर, 14 मई 2019 पृष्ठ : 08 मूल्य : 3.00 रुपये

## नाथूराम गोडसे आतंकवादी था तो मुलायम और राजीव गांधी उससे बड़े आतंकी : आरपी सिंह

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के बीच हिन्दू, हिंदुत्व और हिन्दू आतंकवाद के मुद्दे पर चल रही बड़ी बहस के साथ ही एक और बड़ा बयान सामने आया।



लोकसभा चुनाव के आखिरी दौर से पहले हिन्दू आतंकवाद पर एक बार फिर सियासत शुरू हो गयी है। कमल हसन द्वारा हिन्दू आतंकवाद पर नाथूराम गोडसे का नाम उछाले जाने के बाद इस पर सियासत और तेज हो गयी है। भाजपा के सचिव व राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने कहा की अगर नाथूराम गोडसे आतंकवादी था तो मुलायम सिंह यादव और राजीव गांधी उससे बड़े आतंकी थे। सिंह ने कहा कि मुलायम ने खुद स्वीकार किया था कि मैंने रामसेवकों को मरवाया था। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि उसी परिभाषा में राजीव गांधी उससे बड़ा आतंकवादी है क्योंकि राजीव गांधी ने कहा था कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है। उस परिभाषा में देश के अंदर 3500 सिखों का कत्ल करा दिया जाता है। बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है जैसे बयान देने का मतलब जो कत्ल हुआ है उसके सरगना थे वो।

गौरतलब है की अभिनेता से नेता बने कमल हसन ने कहा कि आजाद भारत का पहला आतंकी हिंदू था, जिसका नाम नाथूराम गोडसे था। तमिलनाडु के कुरूर जिले में क्कल नीधि मैयम (एमएनएम) के संस्थापक कमल हसन ने प्रत्याशी के प्रचार के दौरान ये विवादित बयान दिया। कमल हासन के इस बयान पर सियासी घमासान मच गया है। इससे पहले तमिलनाडु सरकार में दुग्ध एवं डेयरी विकास राज्यमंत्री और अन्नाद्रमुक के वरिष्ठ नेता केटी राजेंद्र बालाजी ने तो यहां तक कह दिया है कि इस तरह की बयानबाजी के लि एकमल हसन की जीभ काट देनी चाहिए। इससे पहले विवेक ओबेरॉय ने भी ट्वीट कर कमल हसन को निशाने पर लेते हुए लिखा था किव 'प्रिय कमल सर, आप बहुत बड़े कलाकार हैं। जैसे कला का कोई धर्म नहीं होता ठीक वैसे ही आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। आप कह सकते हैं कि गोडसे आतंकवादी था, लेकिन आपने हिंदू शब्द का इस्तेमाल क्यों किया? इसलिए कि आप मुस्लिम बहुल इलाके में वोट हासिल करने की कोशिश कर रहे थे?'

## योगी आदित्यनाथ की दक्षिण कोलकाता रैली रद्द, राज्य सरकार की नहीं मिली अनुमति

कोलकाता। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ दक्षिण कोलकाता में एक चुनावी रैली करने वाले थे, जिसे प्रशासक की अनुमति नहीं मिली है। जिसके बाद यह कहा जा रहा है कि योगी आदित्यनाथ की रैली फिलहाल रद्द हो गई है। इस पूरे घटनाक्रम को भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस की चाल बताई है। बता दें कि बंगाल प्रशासन का कहना है कि भाजपा ने रैली करने के लिए शुल्क अदा नहीं की, जिसकी वजह से उन्हें अनुमति नहीं दी गई। भाजपा ने इन दावों को सिरे से नकारते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी डरी हुई हैं और उनको पता है कि इस बार उनका किला ढहने वाला है। जिसके चलते वह रैलियों को रद्द करने में जुट गई। भाजपा ने बताया कि आदित्यनाथ की आगामी 15 मई को दक्षिण पश्चिम कोलकाता में बेहाला इलाके में जेम्स लॉग सारानी में जनसभा करने की अनुमति को स्थानीय प्रशासन



द्वारा वापस ले लिया गया है।

गौरतलब है कि सोमवार को भाजपा प्रमुख अमित शाह को जाधवपुर में रैली करने से रोक दिया गया था। जिसके बाद अब भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक हड़ताल में बैठ गए हैं। राज्य में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में 19 मई को वोट डाले जाएंगे। जबकि 23 मई को परिणाम घोषित होंगे।

## मायावती का भाजपा पर बड़ा हमला, बोलीं– RSS ने भी छोड़ दिया मोदी का साथ

नई दिल्ली। आखिरी चरण की 19 मई को होने वाली वोटिंग से पहले बसपा प्रमुख ने मोदी सरकार पर निशाना साध ा है। मायावती ने प्रेस कांफ्रेस कर कहा कि इस चुनाव में मोदी सरकार की नैया डूब रही है। बसपा प्रमुख ने नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए आरएसएस पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि लगता है कि संघ ने भी मोदी सरकार का साथ छोड़ दिया है। संघ के कार्यकर्ता इस चुनाव में मेहनत करते नहीं दिख रहे हैं। मायावती ने कहा कि इस चुनाव में झोला लिए हुए आरएसएस वाले दिखाई नहीं दे रहे हैं। इनकी घोर वादाखिलाफी के कारण भारी जनविरोध को देखते हुए संघी स्वंयसेवक झोला लेकर चुनाव में कहीं मेहनत करते नहीं नजर आ रहे हैं जिससे मोदी के पसीने छूट रहे हैं। मायावती ने इशारों–इशारों में योगी आदित्यनाथ और साध्वी प्रज्ञा पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसे लोगों के मंदिरों में जाने को बड़े पैमाने पर मीडिया में कवर किया जाता है जिसपर रोक लगनी चाहिए और चुनाव आयोग को इसपर कदम उठाने चाहिए। मायावती ने कहा रोडशो व जगह–जगह पूजा–पाठ एक नया चुनावी फैशन बन गया है जिसपर भारी खर्चा किया जाता है। आयोग द्वारा उस खर्चे को प्रत्याशी के खर्चे में शामिल करना चाहिये और यदि किसी पार्टी द्वारा उम्मीद्वार के समर्थन में रोडशो आदि किया जाता है तो उसे भी पार्टी के खर्चे में शामिल किया जाना चाहिये। बता दें कि लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में 59 सीटों के लिए मतदान है जिसमें यूपी की 13 सीटें भी शामिल है।

### जिला संवाददाता/संवाददाता की सूची

**सुलतानपुर–** इम्तियाज खान
**फैजाबाद–** राजेश कुमार मिश्र,
**बाराबंकी–** सैफ मुख्तार,
**फतेहपुर–** .....................
**बिजनौर–** .....................
**गोंडा–** .....................
**हरदोई–** .....................
**रायबरेली –** देवी प्रकाश
**प्रयागराज–** .....................
**अमेठी –** चंदन दूबे

**आवश्यकता है**

के.डी.न्यूज समाचार पत्र/पोर्टल हेतु ब्लाक संवाददाता, व तहसील संवाददाता की आवश्यकता है।

–सम्पादक
के.डी.न्यूज
मो. 9415739288, 9721748962

## सुल्तानपुर जनपद के सबसे बुजुर्ग (103 साल) ने किया मतदान, लगभग 16 बार अपने मत का कर चुके है अभी तक प्रयोग

हम बात कर रहे हैं सुल्तानपुर जनपद ब्लाक कूरेभार के अंतर्गत गांव सलीमपुर ग्रेंट (शुक्लहिया) के सबसे बुजुर्ग राम दुलार शुक्ल सुत श्री अवध ा विहारी शुक्ल (103) का जो अपने मत का प्रयोग बूथ पर जा कर किया इनके जज्बे को देख कर आज के युवा भी हतप्रभ हैं। बताते चलें कि उस समय के कक्षा 5 पास है।

क्या कहते है 103 साल के बुजुर्ग राम दुलार शुक्ल

'अभी तक लगभग 16 बार हम वोट दई चुका अहि हमरे उम्र के लोग अब दिखाय नाय पड़ते ,हिया तक कि पेड़ पालव सब गायब होई गय"





(कूरेभार क्षेत्र के सलीमपुर ग्रेट के स्कूल बन्दरहा बूथ पर पहुँची महिलाओं ने किया मतदान)

पूरे जनपद में क्या रही हलचल, कितना पड़ा मतदान, पूरा जानकारी के लिए देखे,

# सम्पादकीय

## आतंकी चुनौती और हमारा सुरक्षा तंत्र

जैश–ए–मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी घोषित किया जाना भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक सफलता है। जैश ने भारत में कई बड़े आतंकी हमले किए हैं। वर्ष 2000 में सेना के 15 कोर मुख्यालय, जो श्रीनगर में बदामी बाग में है, पर हमला किया था। इसके बाद 2001 में संसद पर धावा बोला। 2016 में पठानकोट में वायुसेना के स्टेशन पर आतंकी हमला और 2019 में पुलवामा में नरसंहार भी इसी आतंकी संगठन ने किया। मसूद अजहर को अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित करने के प्रयास 2009 से ही चल रहे थे, परंतु चीन के असहयोग के कारण ऐसा नहीं हो पा रहा था। अंततः अंतरराष्ट्रीय दबाव में चीन को झुकना पड़ा, परंतु यह



सोचना गलत होगा कि मसूद अजहर पर अंतरराष्ट्रीय आतंकी की छाप लगने के बाद पाकिस्तान सही मायने में उस पर कोई प्रभावी अंकुश लगाएगा। पाकिस्तान के अमेरिका में राजदूत ने स्वयं यह बयान दिया है कि इस कदम का कोई ठोस प्रभाव नहीं पड़ेगा। लश्कर–ए–तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद पर अमेरिका ने एक करोड़ डॉलर का ईनाम घोषित कर रखा है, परंतु यह आतंकी सरगना पाकिस्तान में खुलेआम घूमता है और भारत के विरुद्ध भड़काऊ बयान देता रहता है। कथनी और करनी में अंतर करते हुए और झूठ बोलकर दुनिया को बेवकूफ बनाने की कला में पाकिस्तान माहिर है। पड़ोसी देश श्रीलंका में 21 अप्रैल को जो भीषण आतंकी हमला हुआ, वह भी हमारे लिए खतरे की घंटी है। उस हमले में 250 से अधिक लोग मारे गए और 500 से ज्यादा घायल हुए। इस्लामिक स्टेट यानी आईएस ने श्रीलंका के आतंकी हमलों की जिम्मेदारी ली। इन हमलों को स्थानीय चरमपंथी संगठनों– नेशनल तौहीद जमात और जमीयथुल मिलाथु इब्राहिम ने अंजाम दिया। आईएस हमलों का श्रेय लेकर शायद अपना कद बड़ा करना चाहता है। यह भी हो सकता है कि स्थानीय संगठनों को आईएस के दर्शन से प्रेरणा मिली हो। गौरतलब है कि श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल महेश सेनानायके ने अपने हालिया बयान में कहा है कि आत्मघाती हमलावर कश्मीर, कर्नाटक और केरल में प्रशिक्षण और शायद कुछ मदद के लिए गए थे। हमारे एक अन्य पड़ोसी देश बांग्लादेश में तो आईएस ने निश्चित रूप से पैठ बना ली है। जुलाई 2016 में आतंकियों ने ढाका में आर्टिजान बेकरी पर हमला कर कई लोगों को बंधक बना लिया था। इस आतंकी घटना में 29 लोग और दो पुलिसकर्मी मारे गए थे। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने हाल में बयान दिया कि आतंकियों के पुनः हमले की आशंका है और इसके लिए देश की पुलिस व खुफिया विभाग को सतर्क कर दिया गया है। मालदीव में यद्यपि सत्ता परिवर्तन हो गया है, परंतु वहां चरमपंथी अपनी जड़ें जमा चुके हैं। भारत के गृह मंत्री बराबर यह कहते हैं कि देश को इस्लामिक स्टेट से खतरा नहीं है और देश के मुसलमान इस आतंकी संगठन के राजनीतिक दर्शन से प्रभावित नहीं होंगे, परंतु जमीनी हकीकत कुछ और है। यह सही है कि भारत में मुसलमानों की आबादी को देखते हुए आईएस प्रभावित मुसलमानों का प्रतिशत बहुत कम है। साउथ एशिया टेररिज्म पोर्टल के अनुसार अभी तक केवल 167 लोग इस्लामिक स्टेट के समर्थक होने के संदेह में गिरफ्तार किए गए हैं और इनमें से 73 लोगों को चेतावनी और सलाह देने के बाद छोड़ा जा चुका है। इसके अलावा, 98 इस्लामिक स्टेट की तरफ से लड़ने के लिए सीरिया, इराक या अफगानिस्तान गए। इनमें से 33 मारे जा चुके हैं। कश्मीर में जब–तब आईएस के झंडे दिखाई देते हैं। महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल मुख्य रूप से प्रभावित प्रदेश माने जाते हैं। उत्तर प्रदेश में भी कुछ स्थानों पर इस्लामिक स्टेट के समर्थक होने का अंदेशा है। पिछले साल 4 अप्रैल को नेशनल इंवेस्टिगेटिव एजेंसी (एनआईए) ने बांदा जनपद से जामिया अरबिया मदरसा के सात युवकों को गिरफ्तार किया था। दिसंबर 2018 में एनआईए ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश के 17 स्थानों पर इस्लामिक स्टेट समर्थक इकाइयों के सक्रिय होने की सूचना होने पर छापे मारे और दस लोगों को (जो हरकत–उल–हर्ब–ए–इस्लाम के सदस्य थे) को गिरफ्तार किया। 22 जनवरी 2019 को महाराष्ट्र के आतंक–रोधी दस्ते ने नौ लोगों को इस्लामिक स्टेट से जुड़े होने के आधार पर गिरफ्तार किया। इनमें से कुछ उम्मत–ए–मोहम्मदिया के सदस्य थे। पूछताछ से पता चला कि इनका प्रमुख सरगना सीरिया में इस्लामिक स्टेट के एक आतंकी के संपर्क में था। 26 जनवरी 2019 को महाराष्ट्र पुलिस ने ठाणे से एक युवक को गिरफ्तार किया। इसके बारे में कहा जाता है कि वह किसी सार्वजनिक स्थल पर जहर डालकर भारी संख्या में लोगों को मारने की योजना बना रहा था। केरल में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के चलते गृह मंत्रालय के रडार पर है। यह संगठन आतंकी गतिविधियों और राजनीतिक हत्याओं में संलिप्त पाया गया है। हाल में एक पोस्टर, जिसका शीर्षक है कमिंग सून (शीघ्र आ रहे हैं), द्वारा इस्लामिक स्टेट ने भारत व बांग्लादेश, दोनों को ही चेतावनी दी है। आतंकवाद के बढ़ते खतरे पर पाकिस्तान की चर्चा करना शायद गैरजरूरी है। दुनिया में आज आतंकवाद के दो सबसे बड़े स्रोत हैं। एक पाकिस्तान और दूसरा सऊदी अरब। आर्थिक दृष्टि से संपन्न सऊदी अरब दुनियाभर में वहाबी दर्शन के प्रचार–प्रसार में मदद दे रहा है।

# राष्ट्रीय चुनाव में क्षेत्रीय दलों का दम

**अंकित ''राधे''**

इन लोकसभा चुनाव में क्षेत्रीय दलों ने श्सोचो राष्ट्रीय, लड़ो स्थानीय का मंत्र अपनाया है। भले ही कांग्रेस अब भी कई जगहों पर अंदरूनी खींचतान या गुटबाजी में उलझी हो और चुनावों के दौरान गैर–जरूरी गलतियां कर रही हो, लेकिन क्षेत्रीय दल विभिन्न् राज्यों में एनडीए गठबंधन या कहें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। ऐसे में कोई आश्चर्य की बात नहीं कि ये प्रांतीय क्षत्रप ही चुनाव–पश्चात गैर–एनडीए पार्टियों का गठबंधन तैयार करने को लेकर अग्रणी भूमिका में नजर आ रहे हैं। वर्ष 1996 से प्रमुख चुनावी संघर्ष भाजपा और कांग्रेस के बीच ही होता आया है, जिसमें क्षेत्रीय दल सहायक भूमिकाओं में रहते थे। 2004 में यूपीए की अगुआई कांग्रेस ने की और किसी ने भी सोनिया गांधी के नेतृत्व पर सवाल नहीं किया। लेकिन कहना होगा कि इस बार कांग्रेस की स्थिति बाकी दलों जैसी ही है। यही कारण है कि राकांपा सुप्रीमो शरद पवार ने संभावित प्रधानमंत्री के तौर पर ममता बनर्जी, मायावती और चंद्रबाबू नायडू का तो जिक्र किया, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम नहीं लिया। मिसाल के तौर पर पश्चिम बंगाल को ही लें। वहां पर भले ही कांग्रेस–लेफ्ट का गठबंधन नहीं हो सका और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में खींचतान मची है, लेकिन ममता बनर्जी भाजपा को तगड़ी टक्कर देते हुए उसकी राह रोकने की पूरी कोशिश कर रही हैं। यहां तक कि वहां लेफ्ट भी कांग्रेस से बेहतर टक्कर दे रहा है। तीसरे चरण के मतदान तक यह साफ हो गया कि कांग्रेस ने अपना काफी जनाधार भाजपा के हाथों गंवा दिया है और चुनावी लड़ाई तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के मध्य ध्रुवीकृत होकर रह गई है। लेकिन अब भी श्दीदी बढ़त की स्थिति में हैं। वह 32 फीसदी अल्पसंख्यक मतों को लेकर आश्वस्त हैं और उन्हें इस बात की ज्यादा परवाह नहीं है कि मुकुल रॉय समेत कुछ अन्य नेता उनकी पार्टी छोड़कर भाजपा में चले गए।

चूंकि चुनाव सात चरणों में होने हैं, लिहाजा ममता के लिए राज्य की सभी 42 सीटों में घूमने की पूरी गुंजाइश है। उनकी चुनावी मशीनरी को भाजपा से भी बेहतर बताया जा रहा है। उन्होंने अपने संगठन में कमजोर हिस्सों की पहचान की और व्यक्तिगत रूप से उन इलाकों में गईं। इसी तरह ओडिशा में भी कांग्रेस हाशिए पर है और लड़ाई भाजपा व बीजद के मध्य ही है।

महाराष्ट्र की बात करें तो वहां शरद पवार विपक्षी गठबंधन को खींचने वाले इंजन हैं। यह उन्हीं का आइडिया था कि एमएनएस के तेजतर्रार नेता राज ठाकरे को अपने पक्ष में किया जाए। हालांकि एमएनएस किसी भी सीट पर चुनाव नहीं लड़ रही है। कांग्रेस–एनसीपी के चुनाव प्रचार में राज ठाकरे एक प्रमुख हस्ती के रूप में उभरे हैं। इसी बीच कांग्रेस में अपनी ढपली अपना राग की स्थिति भी नजर आई। महाराष्ट्र विधानसभा में नेता विपक्ष राधाकृष्ण विखे पाटिल को पार्टी ने स्टार प्रचारक बना रखा था, लेकिन उनके ही बेटे सुजय कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। इससे पार्टी शर्मसार हुई। हालांकि बाद में पाटिल ने पद छोड़ दिया, लेकिन नुकसान तो हो चुका था। यहां तक कि देश की राजधानी दिल्ली में भी कांग्रेस अपने राष्ट्रीय पार्टी होने के रुतबे का लाभ लेते हुए भाजपा से नाखुश मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने में नाकाम नजर आ रही है। वहां भी लड़ाई भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच है। दिल्ली में कई दौर की बातचीत के बावजूद 'आप–कांग्रेस का गठबंधन मूर्तरूप नहीं ले पाया। इससे दिल्ली में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं अजय माकन और शीला दीक्षित के मध्य खींचतान भी रेखांकित हुई। गौरतलब है कि शीला दीक्षित 'आप से गठजोड़ के खिलाफ थीं, जबकि माकन ने खुलेआम कहा कि गठबंधन वार्ता के नाकाम होने की वजह से कांग्रेस को नुकसान झेलना पड़ेगा। बिहार की बात करें तो वहां कांग्रेस के पास न तो कोई नेता है और न ही जमीन पर मजबूत संगठन। ऐसे में जाहिर तौर पर वह विपक्षी गठबंधन में जूनियर पार्टनर है। राष्ट्रीय जनता दल के युवा नेता तेजस्वी यादव इसके निर्विवाद नेता हैं। इसके बावजूद सीटों के बंटवारे को लेकर मतभेद उभर आए और झारखंड में कांग्रेस के बिग ब्रदर सरीखे रवैये ने राजद के युवा नेता को खफा कर दिया। जम्मू–कश्मीर में कांग्रेस भाजपा को रोकने की खातिर नेशनल कांफ्रेंस के साथ तालमेल कायम करने में जरूर सफल हो गई, लेकिन दोनों के मध्य काफी तनाव है। नेशनल कांफ्रेंस के एक नेता अकबर लोन तो यहां तक कह दिया कि कांग्रेस भाजपा से ज्यादा खतरनाक है।

दक्षिण भारत में कर्नाटक इकलौता राज्य है, जहां कांग्रेस और भाजपा के मध्य सीधी लड़ाई है। यहां कांग्रेस के पास संगठन भी है और सिद्धारमैया जैसा मजबूत नेता भी। लेकिन यहां पर पूर्व प्रधानमंत्री और जद(एस) के सुप्रीमो एचडी देवेगौड़ा विपक्षी गठबंधन का चेहरा हैं, जिनके साथ सिद्धारमैया के गंभीर मतभेद हैं। ज्यादातर लोग मानते हैं कि विधानसभा चुनाव में सिद्धारमैया को ध्वस्त करने में देवेगौड़ा का हाथ था और इसी वजह से उन्हें चामुंडेश्वरी सीट पर हार का सामना करना पड़ा था। उत्तर प्रदेश में सपा–बसपा–रालोद महागठबंधन अपेक्षा से कहीं बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। यह महागठबंधन भाजपा के स्पष्ट बहुमत हासिल करने के मंसूबों को गंभीर क्षति पहुंचाता लग रहा है। यहतबहै, जब कांग्रेस इस गठबंधन का हिस्सा नहीं। कांग्रेस महासचिव और पूर्वी उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने कुछ रोज पहले कहा था कि राज्य की जिन सीटों पर उनकी पार्टी कमजोर है, वहां ऐसे प्रत्याशी खड़े किए गए जो भाजपा के वोट काटें। इस तरह उन्होंने परोक्ष रूप से सपा–बसपा गठबंधन की मदद करने की ओर इशारा किया। लेकिन यदि ऐसा है तो उन्होंने सहारनपुर में बसपा के मजबूत मुस्लिम प्रत्याशी के खिलाफ अपना दमदार मुस्लिम प्रत्याशी क्यों उतारा? बिजनौर में भी बसपा के खिलाफ अपना मजबूत प्रत्याशी खड़ा किया। साफ है कि कांग्रेस पहले यूपी में 2009 जैसा प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद कर रही थी, जब उसने 21 सीटें जीती थीं। लेकिन अब संभवतरू उसे एहसास हो गया है कि वह इससे आधी सीटें भी न जीत सके।अब उन राज्यों की बात, जहां पर भाजपा व कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर है। ऐसे राज्यों में कांग्रेस के प्रांतीय क्षत्रप ही भाजपा को टक्कर दे रहे हैं। मसलन, राजस्थान व मध्य प्रदेश में कांग्रेस के चुनाव प्रचार की कमान इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों अशोक गहलोत और कमलनाथ के सक्षम हाथों में है। यही बात पंजाब के लिए भी सत्य है, जहां पर कैप्टन अमरिंदर सिंह वन–मैन आर्मी हैं। केरल में समग्र तौर पर इसकी राज्य इकाई मजबूत है। वहीं ऐसे राज्य जहां पर कांग्रेस के पास कोई 'चेहरा नहीं है, जैसे कि गुजरात, वहां इसकी संभावनाएं क्षीण हैं। यह सब देखते हुए इन चुनावों में कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की भूमिका सीमित ही लगती है। इसके सर्वथा उलट भाजपा का समूचा चुनाव अभियान पूरी तरह मोदी के इर्द–गिर्द सिमटा है।साफ है कि कांग्रेस के पास अब वह ताकत या साख नहीं बची कि वह क्षेत्रीय दलों पर अपनी मर्जी थोप सके। अब हालात पलट चुके हैं। देश में 25 वर्षों के गठबंधन सरकारों के दौर के बाद अब क्षेत्रीय दल पहले से अधिक मजबूत हो चुके हैं। वे अब चाहते हैं कि नई दिल्ली में उन्हें उनका उचित स्थान मिले और राष्ट्रीय मसलों पर उनकी आवाज का दखल बढ़े।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार व स्तंभकार हैं)

# प्रेक्षक की मौजूदगी में सील कराए गए स्ट्रांग रूम

सुलतानपुर। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जिले के पांच विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के बाद 2118 पोलिंग बूथों की ईवीएम व वीवीपैट



स्ट्रांग रूम में सील कर दिए गए। यह कार्य सोमवार की भोर तक चला। ईवीएम व वीवीपैट के साथ निर्वाचन संबंधी स्टेशनरी सामानों को कृषि उत्पादन मंडी समिति ने विधान सभावार बनाए गए काउंटरों पर जमा कराकर अभिलेखों से मिलान करके इन्हें सामान्य प्रेक्षक विनोद कुमार सिंह, निर्वाचन अधिकारी डीएम दिव्य प्रकाश गिरि, अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पांडेय, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, संबंधित उप जिलाधिकारी व राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सील किया गया। स्ट्रांग रूम के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे तथा निगरानी के लिए सीआइएसएफ के जवानों को तैनात किया गया है। मंडी समिति के भवन में बनाए गए विधानसभावार स्ट्रांग रूम में संबंधित उप जिलाधिकारी व तहसीलदार ईवीएम व वीवीपैट का मिलान कर बनाई गई मैपिंग के अनुसार सुरक्षित रखवाया गया और रूम को इन अधिकारियों की उपस्थिति में सील कर विद्युत कनेक्शन काट दिए गए। सामान्य प्रेक्षक एवं डीएम ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से कहा कि यदि स्ट्रांग रूम के बाहर ये रहना चाहते हैं तो इसकी इन्हें अनुमति है। मॉकपोल व मतदान के दौरान खराब व रिजर्व ईवीएम व वीवीपैट अलग स्ट्रांग रूम में रखाए गए हैं और उन्हें भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सील कर दिया गया है। इस मौके पर एसडीएम बल्दीराय प्रिया सिंह, सदर रामजी लाल, जयसिंहपुर रामअवतार, लम्भुआ राजेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# चुनाव खत्म होते ही लड़खड़ाई बिजली आपूर्ति

सुलतानपुर। लोकसभा चुनाव खत्म होते ही जिले की बिजली आपूर्ति व्यवस्था लड़खड़ा गई है। रविवार आधी रात बाद एकसाथ विभिन्न इलाकों की बत्ती गुल हो गई। शहर के कई मोहल्लों व सैकड़ों गांवों में सुबह तक अंधेरा छाया रहा। भटमई सब स्टेशन का संचालन 15 घंटे बाद भी बहाल नहीं किया जा सका। जिससे हजारों उपभोक्ताओं को विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ा।

नगर के विनोबापुरी, नया नगर, शिवाजी नगर, हथियानाला, लालडिग्गी समेत कई मोहल्लों की बिजली रविवार रात करीब साढ़े बारह बजे अचानक गुल हो गई। काफी देर तक जब बिजली नहीं आई तो उपभोक्ताओं ने इसकी शिकायत विभाग के अधिकारियों से की, लेकिन सुबह तक आपूर्ति बहाल नहीं की जा सकी। जिससे सैकड़ों उपभोक्ताओं को मुश्किलों के बीच रात गुजारनी पड़ी। गोसाईंगंज संवादसूत्र के अनुसार, सदर वितरण खंड क्षेत्र के भटमई पावरहाउस का संचालन रात करीब एक बजे ठप हो गया। जिससे कूरेभार, कटका, बरेहता, जयसिंहपुर व फरीदीपुर फीडरों के तकरीबन 70 गांवों में अंधेरा छा गया। सोमवार शाम चार बजे तक इन इलाकों में आपूर्ति बहाल नहीं हुई थी। उपखंड अधिकारी प्रशांत गिरि का कहना है कि रात में तेज हवाएं चलने से बनी पारेषण उपकेंद्र से निकली भटमई पावरहाउस की 33 हजार वोल्ट इनकमिंग लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। मरम्मत कार्य चल रहा है, शाम छह बजे तक आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। बंधुआकला संवादसूत्र के अनुसार, रात लगभग साढ़े नौ बजे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जो सोमवार शाम पांच बजे तक बहाल नहीं हो सकी। एक्सईएन यादवेंद्र कुमार ने बताया कि बंधुआकला के पास असरोगा उपकेंद्र की 33 हजार लाइन प्रतिकूल मौसम के चलते खराब हो गई है। मरम्मत कार्य जारी है, शाम सात बजे तक आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# सड़क हादसों में किशोर समेत तीन जख्मी

सुलतानपुर। जिले में अलग–अलग स्थानों पर सोमवार को हुए सड़क हादसों में किशोर समेत तीन लोग जख्मी हो गए। जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर बताते हुए चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया।

कोतवाली नगर क्षेत्र के पलहीपुर गांव निवासी मदन शर्मा (25) पुत्र रामबचन शर्मा बाइक से जिला मुख्यालय की ओर आ रहे थे। सुबह करीब 11:30 बजे शहर के करौंदिया ओवरब्रिज पर सामने से मोटर साइकिल लेकर आ रहे गोसाईंगंज थानाक्षेत्र के अंगनाकोल निवासी करीम अहमद (28) पुत्र गुलजार अहमद से उनका वाहन टकरा गया। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। राहगीरों ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया और इसकी सूचना उनके घरवालों को दी। जयसिंहपुर संवादसूत्र के अनुसार, मोतिगरपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत गंगोलिया निवासी साहिल (14) पुत्र मोहम्मद अली सुबह करीब दस बजे साइकिल लेकर घर से निकला था। लखनऊ–बलिया हाईवे पर बरौंसा बाजार के निकट तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उसे टक्कर मारी दी। जिससे वह जख्मी हो गया। यूपी–100 पुलिस ने घायल किशोर को जिला अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना के बाद वाहन लेकर भाग रहे चालक को गोसाईंगंज पुलिस ने पकड़ लिया है। जिला अस्पताल के आपातकालीन चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील दूबे ने बताया कि तीनों घायलों में मदन की हालत सबसे ज्यादा गंभीर थी।

# वोट देने में महिलाओं ने मारी बाजी

सुलतानपुर। बारह मई को संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र की मजबूती के प्रति महिलाएं ज्यादा सजग रहीं। 4 लाख 99 हजार 953 यानी 59.10 फीसद महिला वोटरों ने मतदान में भागीदारी की। वहीं 4 लाख 99 हजार 235 पुरुष मतदाताओं ने वोट किया। जिनका प्रतिशत 53.90 रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी दिव्य प्रकाश गिरि के मुताबिक सोमवार को उपलब्ध सभी रिपोर्टों की समीक्षा करने के बाद यह आंकड़ा सामने आया है। नवीन मंडी में सामान्य प्रेक्षक विनोद कुमार सिंह, सभी एसडीएम, उप निर्वाचन अधिकारी हर्षदेव पांडेय, पीडी एसके द्विवेदी सहित अन्य अधिकारियों ने अभिलेखों की स्कूटनिंग कराई और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए संबंधित एसडीएम को डीएम ने निर्देश दिया।

## वृद्धावस्था से झुकी कमर, लेकिन नहीं झुका वोट देने का हौसला

सुलतानपुर। शरीर आशक्त हो गया तो क्या.. मन अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति युवा जोश से भरा हुआ है। ऐसी सोच वाले एक दर्जन से अधिक वृद्धजनों ने रविवार को बूथों पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। उनके इस उत्साह ने यह संदेश साफ कर दिया कि देश के लोकतंत्र की जड़ें बहुत गहरी हैं और भावी पीढ़ी के लिए संदेश दिया कि उसका भविष्य भी उज्ज्वल है। अखंडनगर क्षेत्र के बूथ संख्या 410 प्राथमिक विद्यालय रायपुर में 119 वर्षीय करोरा देवी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। धनपतगंज के पारा दसऊपुर निवासी जीवन के 102 वसंत देख चुके चंद्रभूषण तिवारी अपने बेटे के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। बल्दीराय तहसील की जीवन के 101 पड़ाव पार चुकी लखराजी ने भी मताधिकार के प्रयोग में प्रथम वोटर जैसी उत्सुकता दिखाई। इसी तहसील के 98 वर्षीय जैनुलआबदीन ने दी भी उत्साह के साथ वोट डाला। भदैंया विकास खंड के अभियाखुर्द बूथ पर 98 वर्षीय दुर्गा प्रसाद तिवारी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मोतिगरपुर के पारस पट्टी निवासी 90 वर्षीय सुंदरा देवी ने चलती तेज हवाओं के बीच अपने स्वास्थ्य का ख्याल न करते हुए भी वोट डालने की ख्वाहिश पूरी की। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अन्य तमाम बूथों पर शारीरिक रूप से सक्षम न होने के बावजूद मतदान के प्रति उत्सुकता दिखाई। वोट के अधिकार और नागरिक होने के कर्तव्य को उन्होंने पूरा किया।

## कमल पर दिया वोट तो जड़ दिया तमाचा

सुलतानपुर। ग्रामीण इलाकों में दबंगों का कहर शुरू हो गया है। रविवार को एक मतदाता को सिर्फ इसलिए पीट दिया गया कि उसने कमल के फूल वाली बटन दबाने की बात स्वीकार कर ली थी। पीड़ित ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। मामला स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रूपी का पूरा गांव का है। गांव निवासी भगवान प्रसाद सोनी के मुताबिक वह सुबह करीब 10 बजे मतदान कर घर लौट रहा था रास्ते में गांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने उसे रोक लिया। करीब आठ–दस कदम दूर ले जाकर वह मतदान के बारे में पूछताछ करने लगा। भगवान प्रसाद ने पहले तो यह बताने में हीला हवाली की कि उसने किसे मतदान किया है। पर, दबाव के बाद उसने कमल के फूल पर वोट देने की बात स्वीकार कर ली। इतना सुनते ही राजेन्द्र प्रसाद सिंह आग बबूला हो गए। उसने भगवान प्रसाद को दो तमाचे जड़ दिए। साथ ही जान से मारने की धमकी के साथ जातिसूचक गालियां भी दी गईं। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है। जल्द ही दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## जंगल में लगी आग, दर्जनों पेड़ जले

सुलतानपुर। स्थानीय थानाक्षेत्र अंतर्गत मीरपुर प्रतापपुर गांव के जंगल में रविवार को दोपहर बाद अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई, आग ने विकराल रूप धर लिया था। धुआं व आग की लपटें उठती देख आसपास के कई गांवों के लोग भी मौके पर पहुंच गए। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग काबू में आई। अग्निकांड में दर्जनों पेड़ जल गए और सैकड़ों पेड़ झुलस गए।

# पारा 42 के पार, झुलस रहीं सब्जी की फसलें

सुलतानपुर। भदैंया में चालीस पार तापमान जाते ही सब्जी की खेती में किसानों की मुश्किलें बढ गई हैं। फसल पर रोगों व कीटों का प्रकोप बढ़ गया है। दवाएं काम भी नहीं कर रही हैं। ऐसे में बायोलाजिकल उत्पाद पर ही किसानों को भरोसा करना पड़ रहा है। तापमान बढ़ने से जहां जन जीवन बेहाल है वहीं पशु पक्षी पानी को तरस रहे हैं तथा नदी पोखरों के किनारे छाया व पानी के पास ही गर्मी से बचने के उपाय खोज रहे हैं तो पेड़ पौधे भी गर्मी का दंश झेल रहे है। मौजूदा समय में सप्ताह भर से तापमान 42 पार कर 44 तक पहुंच गया है। जिससे किसान धान की पौध डालने की तैयारी की हिम्मत नही जुटा पा रहे हैं । वहीं मौजूदा समय की सब्जी व अन्य फसल भी रोग ग्रसित हो रहे हैं। बैगन, खरबूजा, खीरा, भिंडी की खेती में बढेघ तापमान से सफेद भुनगी व मक्खी तथा गदहिला तथा मकड़ी कीटों का प्रकोप हो गया है। जो फसलों के पौधों की वृद्धि रोककर फलों को भी क्षति पहुंचा रहे हैं। बढे तापमान मे रासायनिक दवाइयां (फंगीसाइट व इंसेक्टीसाइट)काम ही नहीं कर रही हैं। महंगी दवाएं भी बेकार साबित हो रही हैं। खरबूजा, लौकी व कद्दू जैसी सब्जी की खेती भी गर्मी की भेंट चढ रही हैं । तेज तापमान से फूल व पत्ती जहां झुलस रही है वहीं नए फल नहीं लगने से किसान निराश हैं। कृषि विशेषज्ञ बीआर पांडेय, व सुनील पांडेय बताते हैं कि 35 से अधिक तापमान होने पर केमिकल प्रोडक्ट का असर कम हो जाता है। ऐसे में बायोलाजिकल प्रोडक्ट अधिक कारगर होते हैं तथा फसलों पर पूरी तरह काम करते हैं।

## आसमान ने बरसाए अंगारे, छांव तलाशते रहे लोग

सुलतानपुर। रविवार का दिन भी तपिश वाला रहा। दिन भर आसमान से आग बरसती रही। मतदान और सार्वजनिक अवकाश का दिन होने के साथ मौसम की बेरुखी भी सन्नाटे जैसी स्थिति बनाए रखी। सड़कें, बाजार वीरान नजर आए। हालात ऐसे हैं कि दोपहर बाद इक्का–दुक्का लोग ही महत्वपूर्ण बाजारों व सड़कों पर नजर आए। शनिवार को दिन में बदली और रात में ठंडी हवाओं के चलने से लोगों को तपिश से राहत मिली लेकिन रविवार फिर जस का तस हो गया। अधिकतम तापमान 43 और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नरेंद्रदेव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के मौसम विभाग ने स्काईमेट के मौसम विशेषज्ञों के हवाले से बताया है कि पूर्वी असम के भागों पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश से उत्तरी बंगाल और असम से होते अरुणाचल प्रदेश तक एक ट्रफ रेखा फैली हुई है। इसके अलावा एक अन्य चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र उत्तरी बिहार पर बना हुआ है। इन मौसमी सिस्टमों के कारण, उत्तरी बिहार और उससे सटे हुए पूर्वी उत्तर प्रदेश तक नम हवाएं पहुंच रही हैं। इसके कारण पूर्वी उत्तर प्रदेश, दक्षिणी व उत्तरी बिहार, उत्तरी पश्चिमी बंगाल के कुछ भागों तक पूर्वोत्तर राज्यों के अधिकांश भागों में धूल भरी आंधी और गरज के साथ बारिश होने की उम्मीद है।

# विकलांग छात्रों ने मदर्स डे पर पेंटिंग बनाकर मनाया मदर्स डे

बाराबंकी। कम ही लोग होते हैं जो उस अंधेरे से दूसरों को निकालने के लिये आगे आते हैं जिसकी दहशत समाज में हो। ऐसे लोग ही दुनिया को नई राह दिखाते हैं और रहती दुनिया तक उनका नाम लिया जाता है। बाराबंकी जिले की मूल निवासी डॉ० विनीता सिंह उन्हीं में से एक हैं। विकलांगता के दंश के विषय में सन् 2015 में डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में कार्यरत डॉ० डी० बी० सिंह के साथ विश्वविद्यालय के छात्रों को करीब से देखते हुए डॉ० विनीता सिंह ने मन में यह ठान लिया कि इनके जैसे दूसरे विकलांगों के सपनों को साकार करने के लिये जद्दोजेहद शुरू कर देनी है। आज उनकी यह जद्दोजेहद एक मिशन का रूप ले चुकी है। डॉ० विनीता सिंह ने जिन विकलांगों के नाम अपनी जिंदगी कर दी है वह उन्हें डॉ० मां कहकर बुलाते हैं। मदर्स डे पर ऐसी मां को सलाम। विनीता सिंह अपने परिवार में सबसे छोटी है। वह अपने अथक परिश्रम और धरवालों की मदद से अपनी मंजिल को पा लिया। विकलांग विद्यालय जो कि नंदिनी बाल भवन स्पेशल स्कूल के नाम से विख्यात है की शुरूआत कर बन गयीं 100 से अधिक बच्चों की डॉ० मां इसके बाद वह खामोश नहीं बैठ गयीं। उन्होंने विकलांगों का दर्द दूसरों में भी महसूस कराने हेतु एक विकलांग अध्यापक प्रशिक्षण विद्यालय नंदिनी कालेज आफ स्पेशल एजुकेशन बन्थरा में स्थापित करने हेतु अग्रसर है। उन्होंने विकलांग बच्चों के लिये अपनी नौकरी से समय निकालकर इस विद्यालय की स्थापना की इसमें 100 से अधिक विकलांग बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। यहां उन्हें पढ़ाई के लिये किताब–कॉपी, बैग और ड्रेस आदि निशुल्क मिलता है। उन्हें यहां खाना–पीना और और रहने की सुविधा भी है। उनमें पूरी सहायता दी जा रही है। डॉ० विनीता सिंह को विकलांग बच्चे डॉ० मां कहकर पुकारते हैं एवं डॉ० सिंह भी उनसे बच्चों की तरह प्यार करती हैं। नंदिनी स्कूल के दिव्यांग बच्चे अन्य बच्चों के साथ अपनी भावनाओं को नंदिनी कालेज आफ स्पेशल एजुकेशन में मदर्स डे के उपलक्ष्य में आयोजित ड्रॉइंग कॉम्पटीशन में मां को कागज पर उतार रहे थे। सैकड़ों बच्चों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। किसी ने मां की सौम्यता, सरलता व मातृत्व को रंगों में पिरोया तो किसी ने मां के संघर्ष व जिजीविषा को कागज पर उतारा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के एशोशिएट डीन छात्र कल्याण डॉ० डी० बी० सिंह ने कहा मशहूर शायर जनाब मुनव्वर राना ने करता खूब कहा है कि मैंने रोते हुए पोछे थे किसी दिन आंसू, मुद्दतों मां ने नहीं धोया दुपट्टा अपना।', 'ऐ अंधेरे देख ले मुंह तेरा काला हो गया, मां ने आंखें खोल दीं घर में उजाला हो गया।', 'जरा सी बात है लेकिन हवा को कौन समझाए, दीये से मेरी मां मेरे लिए काजल बनाती है।' आज उसी एहसास को स्कूली बच्चों ने रंगों की मदद से कागज पर उतारकर दिल जीत लिया। सुबह आठ बजे से ही कई स्कूली बच्चों का आगमन नंदिनी कालेज के प्रांगण में शुरू हो गया था। कैम्पस में जगह फुल हो जाने के बाद बच्चों ने पेड़ों की छांव में चित्रकारी करनी शुरू की। प्रतियोगिता में दस से अधिक स्कूलों के छात्र–छात्राएं शामिल हुए। इस अवसर पर नंदिनी कालेज की प्रबंधिका डॉ० विनीता सिंह, कुंवर दिव्यांश सिंह, डॉ० नीरज कुमार वर्मा, डॉ नसीम सिद्दीकी, डॉ आर के सिंह, डॉ राकेश कुमार, नवरत्न वर्मा, समर सिंह, दिनेश कुमार, कमलेश कुमार, पंकज कुमार, समृद्धि कुंवर आदि एवं मित्रों ने उपस्थित दर्ज की।

## कक्षा–10 एवं 12 के सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्र एवं छात्राओं को तथा उनके अभिभावकों को किया गया सम्मानित

बाराबंकी। महर्षि विद्या मन्दिर बाराबंकी में कक्षा–10 एवं कक्षा– 12 के सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्र एवं छात्राओं को तथा उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कक्षा– 10 में कीर्तिमान स्थापित करने वाले छात्र–छात्राऍ सौम्या तिवारी प्रथम स्था 91.2 प्रतिशत चित्रांषी श्रीवास्तव द्वितीय स्थान 88.8 प्रतिशत हर्ष शर्मा द्वितीय स्थान 88.8 प्रतिशत गरिमा सिंह तृतीय स्थान 88.6 प्रतिशत मेहुल त्रिवेदी चतुर्थ स्थान 87.2 प्रतिशत अखिल राज सोनी पंचम स्थान 85.4 प्रतिशत कक्षा–12 में कीर्तिमान स्थापित करने वाले छात्र–छात्राऍ षिवम वर्मा प्रथम स्थान 84.6 प्रतिशत विवेक यादव द्वितीय स्थान 82.2 प्रतिशत अवंतिका मिश्रा तृतीय स्थान 78 प्रतिशत अष्वनी कुमार सिंह चतुर्थ स्थान 77.2 प्रतिशत संजीव कुमार पंचम स्थान 78 प्रतिशत आस्था शुक्ला पंचम स्थान 78 प्रतिशत आष्वित पंचम स्थान 78 प्रतिशत विद्यालय को गौरान्वित करने वाले छात्र–छात्राओं का सम्मान करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय श्री प्रदीप कुमार श्रीवास्तव जी ने छात्र–छात्राओं को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रत्येक छात्र–छात्रा के उत्कृष्ट प्रदर्शन में षिक्षकों के साथ–साथ उनके माता पिता का भी विषेष योगदान होता है। अतः प्रधानाचार्य एवं श्रीमती अनुपम राजपूत जी ने छात्र–छात्राओं के अभिभावकों को नमन करते हुए उन्हे माला पहनाकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया।

# माँ का आशीर्वाद ही है जीवन की पूँजी : डॉ0 विकास यादव

बाराबंकी। स्थानीय राम सेवक यादव स्मारक इंटर कॉलेज, लखपेड़ाबाग, बाराबंकी में मदर्स डे की पूर्व संध्या पर मदर्स डे का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राइमरी वर्ग के नन्हे मुन्ने छात्र/छात्राओं की माताओं के लिए अनेक रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया इन प्रतियोगिताओं में मेंहदी प्रतियोगिता, बैलून प्रतियोगिता, महक से मसालों की पहचान, गीत प्रतियोगिता, बच्चे की आवाज सुनकर पहचानना आदि थी सभी प्रतियोगिताओं में कार्यक्रम में पधारी माताओं ने बढ़–चढकर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उपस्थित मातृ शक्ति को मदर्स डे की शुभकामनायें देते हुए विद्यालय प्रबन्धक डा0 विकास यादव ने कहा कि माँ बालक की प्रथम गुरू होती है तथा परिवार ही बच्चे की प्रथम पाठशाला होती है। बच्चे की उन्नति माँ के त्याग तपस्या और बलिदान से ही सम्भव होती है। माँ स्वयं कष्ट सहकर बच्चे को हर मुसीबत से बचाने का प्रयास करती है। माँ के उपकारों से हम जीवन भर उसकी सेवा करके ही उऋण हो सकते है। माँ की ममता और प्यार से बड़ी कोई दौलत नही इसलिए उसके प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह हमें अवश्य करना चाहिए। माँ का स्नेह और आशीर्वाद ही जीवन की पूँजी है। मुझे आशा है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु आप सबका सहयोग इसी प्रकार मिलता रहेगा। विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबन्धक डा0 विकास यादव द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। पुरस्कृत होनी वाली माताओं में रचना अवस्थी, अनीता यादव, वंदना मौर्या, माला सिंह, रेखा, प्रभा, सन्ध्या, बिन्दु माही, अर्चना त्रिवेदी, कुसुम देवी, गिरिजा तिवारी, पूँजा तिवारी, रश्मि श्रीवास्तव, पूनम, गायत्री देवी, सुनीता, सपना चौधरी आदि थे। इस अवसर पर श्रीमती शालिनी यादव, विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ0 जगन्नाथ वर्मा, होरी लाल, श्रीमती सविता गुप्ता, वीना गुप्ता, रीतू शर्मा, सपना श्रीवास्तव, कृष्णा मिश्रा, मीनू शर्मा, पिंकी, अन्जू सिंह सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## गन्ना सर्वेक्षण नीति जारी गन्ना कार्य 05 मई से शुरु हो गया है जो 30 जून तक सम्पन्न होगा

बाराबंकी। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रदेश में पेराई सत्र 2019–20 के वास्ते गन्ना क्षेत्रफल के आंकलन हेतु गन्ना सर्वेक्षण नीति जारी, गन्ना सर्वेक्षण कार्य 05 मई से शुरू हो गया है, जो 30 जून, 2019 तक सम्पन्न होगा। गन्ना क्षेत्रफल के सम्बन्ध में किसान को घोषणा पत्र देना होगा, घोषणा पत्र नहीं भरने पर सट्टा संचालित नहीं होगा, और गन्ना आपूर्ति की सुविधा भी नहीं अनुमन्य होगी। गन्ना सर्वेक्षण टीम में उन्हीं कर्मचारियों को रखा जायेगा, जो सर्वेक्षण की मूलभूत जानकारी रखते हो। सर्वेक्षण टीम का एक अनिवार्य प्रशिक्षण भी कराया जायेगा, जिसमें सर्वेक्षण हेतु नियत कर्मियों की न सिर्फ पृच्छाओं का मौके पर समाधान किया जायेगा। यह भी अनिवार्य किया गया है कि घोषणा पत्र के साथ अपनी पहचान पत्र गन्ना कृषक को आधार कार्ड देना होगा, आधार कार्ड न होने पर मतदात पहचान पत्र,ड्राइविंग लाइसेंस,पासपोर्ट,पैनकार्ड अथवा बैंक पासबुक के फोटो वाले पृष्ठ की छायाप्रति जो स्वप्रमाणित की गई हो मान्य होगी। उन्होंने बताया कि गन्ने का सर्वेक्षण शत–प्रतिशत जीपीएस से होगा तथा मौके पर किसान को गन्ना प्लाट की माप की पर्ची दी जायेगी। सर्वेक्षण कार्यक्रमों के निरीक्षण का रोस्टर तैयार किया जायेगा। गन्ना सर्वेक्षण के दौरान गन्ना समिति के नये,वारिस सदस्यता हेतु भी आवेदन किसान दे सकेंगे तथा नये सदस्य बनाये जा सकेंगे।

# युवक कांग्रेस प्रदेश सचिव सिकन्दर अब्बास रिजवी ने पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पर जाकर केन्द्रीय मंत्री के खिलाफ सौपा एक मांग पत्र

बाराबंकी। युवक कांग्रेस प्रदेश सचिव सिकन्दर अब्बास रिजवी ने पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पर जाकर एक मांग पत्र सौपा जिसमें भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह जो बिहार प्रान्त की बेगुसरांय सीट से भाजपा के प्रत्याशी है उनके द्वारा दिनांक 08 मई 2019 को देश की राजधानी दिल्ली में सामाज में जहर घोलने के उद्देश्य से जगत जननी मां दुर्गा तथा मोहम्मद साहब की बेटी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की जिसका बाराबंकी जनपद के लोगों द्वारा व्यापक विरोध किया गया तथा स्थानीय कोतवाली नगर में प्रथम सूचना रिपोर्ट प्रेषित कर केन्द्रीय मंत्री गिरिराज के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर उचित कार्यवाही की मांग की गयी थी। आपको संज्ञान में लाना है कि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर बाराबंकी द्वारा एफ0आई0आर0 की कापी ले ली गयी लेकिन घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी अभियोग पंजीकृत कर उसकी प्रतिलिपि मुझे उपलब्ध नही करायी गयी जिसके चलते हम सभी लोग जो अभियोजग पंजीकृत कराने कोतवाली गये थे मानसिक तनाव तथा सदमे में है क्योंकि केन्द्रीय मंत्री के द्वारा धार्मिक भावनाओं पर ऐसी चोट पहुंचायी गयी है जोमाफी के काबिल नही है। इस पत्र के माध्यम से हम सभी जनपद बाराबंकी के लोग केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के बयान की कड़ी निन्दा करते हुये अभियोग पंजीकृत किये जाने की जोरदार मांग करते है यदि केन्द्रीय मंत्री के खिलाफ अभियोग पंजीकृत नही किया जाता तो घटना के एक सप्ताह के पश्चात् दिनांक 16 मई 2019 दिन गुरूवार को आवेदक सिकन्दर अब्बास रिजवी अभियोग पंजीकृत करने की मांग को लेकर आत्मदाह कर लेगा।

आपके संज्ञान में लाना है कि भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह जो बिहार प्रान्त की बेगुसरांय सीट से भाजपा के प्रत्याशी है उनके द्वारा दिनांक 08 मई 2019 को देश की राजधानी दिल्ली में सामाज में जहर घोलने के उद्देश्य से जगत जननी मां दुर्गा तथा मोहम्मद साहब की बेटी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की जिसका बाराबंकी जनपद के लोगों द्वारा व्यापक विरोध किया गया तथा स्थानीय कोतवाली नगर में प्रथम सूचना रिपोर्ट प्रेषित कर केन्द्रीय मंत्री गिरिराज के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर उचित कार्यवाही की मांग की गयी थी। आपको संज्ञान में लाना है कि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर बाराबंकी द्वारा एफ0आई0आर0 की कापी ले ली गयी लेकिन घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी अभियोग पंजीकृत कर उसकी प्रतिलिपि मुझे उपलब्ध नही करायी गयी जिसके चलते हम सभी लोग जो अभियोजग पंजीकृत कराने कोतवाली गये थे मानसिक तनाव तथा सदमे में है क्योंकि केन्द्रीय मंत्री के द्वारा धार्मिक भावनाओं पर ऐसी चोट पहुंचायी गयी है जोमाफी के काबिल नही है। इस पत्र के माध्यम से हम सभी जनपद बाराबंकी के लोग केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के बयान की कड़ी निन्दा करते हुये अभियोग पंजीकृत किये जाने की जोरदार मांग करते है यदि केन्द्रीय मंत्री के खिलाफ अभियोग पंजीकृत नही किया जाता तो घटना के एक सप्ताह के पश्चात् दिनांक 16 मई 2019 दिन गुरूवार को आवेदक सिकन्दर अब्बास रिजवी अभियोग पंजीकृत करने की मांग को लेकर आत्मदाह कर लेगा। आपके संज्ञान में लाना है कि भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह जो बिहार प्रान्त की बेगुसरांय सीट से भाजपा के प्रत्याशी है उनके द्वारा दिनांक 08 मई 2019 को देश की राजधानी दिल्ली में सामाज में जहर घोलने के उद्देश्य से जगत जननी मां दुर्गा तथा मोहम्मद साहब की बेटी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की जिसका बाराबंकी जनपद के लोगों द्वारा व्यापक विरोध किया गया तथा स्थानीय कोतवाली नगर में प्रथम सूचना रिपोर्ट प्रेषित कर केन्द्रीय मंत्री गिरिराज के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर उचित कार्यवाही की मांग की गयी थी। आपको संज्ञान में लाना है कि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर बाराबंकी द्वारा एफ0आई0आर0 की कापी ले ली गयी लेकिन घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी अभियोग पंजीकृत कर उसकी प्रतिलिपि मुझे उपलब्ध नही करायी गयी जिसके चलते हम सभी लोग जो अभियोजग पंजीकृत कराने कोतवाली गये थे मानसिक तनाव तथा सदमे में है क्योंकि केन्द्रीय मंत्री के द्वारा धार्मिक भावनाओं पर ऐसी चोट पहुंचायी गयी है जोमाफी के काबिल नही है। इस पत्र के माध्यम से हम सभी जनपद बाराबंकी के लोग केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के बयान की कड़ी निन्दा करते हुये अभियोग पंजीकृत किये जाने की जोरदार मांग करते है यदि केन्द्रीय मंत्री के खिलाफ अभियोग पंजीकृत नही किया जाता तो घटना के एक सप्ताह के पश्चात् दिनांक 16 मई 2019 दिन गुरूवार को आवेदक सिकन्दर अब्बास रिजवी अभियोग पंजीकृत करने की मांग को लेकर आत्मदाह कर लेगा।

# नाराज सिरफिरे आशिक ने उठाया खौफनाक कदम, दूल्हे की कैंची से गोदकर हत्या

अयोध्या। एकतरफा प्यार में सिरफिरे आशिक ने विवाह समारोह में पहुंचकर दूल्हे की हत्या कर दी। युवक ने दूल्हे



को अकेला पाकर कैंची से गोदकर उसे मौत के घाट उतार दिया। ये दृश्य लोगों के सामने आया तो सभी के होश उड़ गए। शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। पुलिस ने ताबड़तोड़ दबिश देकर मुख्य आरोपी सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। तीसरे आरोपी की तलाश की जारी है।

ये है पूरा मामला

मामला कुमारगंज थाना अंतर्गत तघ्दिौली गांव का है। यहां इनायतनगर थाना क्षेत्र के महुलहरा गांव निवासी सुरेंद्र (21) की बरात रविवार को तिदौली गांव आई थी। बरात की आवभगत के बीच शादी की रस्में पूरी की जा रही थीं। देर रात लावा मांगने की रस्म निभाने की व्यवस्था की जा रही थी कि तभी मंडप के पास बैठे दूल्हे सुरेंद्र को लघुशंका लगी। वह अपने दोस्त के साथ पास ही स्थित खेत चला गया। जहां पहले से ही दुल्हन का आशिक कामाख्या उर्फ लड्डू अपने साथी पष्टिू और संदीप उर्फ बिट्टू के साथ मौजूद था। कैंची से सुरेंद्र पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सुरेंद्र के साथ मौके पर मौजूद युवक ने हमलावरों को रोकने के कोशिश की तो उसपर भी हमला कर दिया। दूल्हे सुरेंद्र को मरणासन्न कर दोनों आरोपी भाग निकले।

शोर सुनकर पहुंचे बराती–घराती

शोर सुनकर मौके पर बराती और घराती पक्ष के लोग आनन–फानन में घायल दूल्हे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडासा लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कल्लू सघ्हि की सूचना पर पहुंचे। कुमारगंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी पुलिस के उच्च अधिकारियों को दी।

क्या कहना है पुलिस का ?

सीओ मिल्कीपुर रुचि गुप्ता व सीओ सदर वीरेंद्र विक्रम दबिश देकर आरोपियों को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार कर लिया। एसपी ग्रामीण ने बताया कि मुख्य आरोपी लड्डू विवाहित है। वह युवती से प्रेम करता था। युवती की शादी तय हो जाने के बाद से वह खिन्न चल रहा था। युवती ने उसका प्रस्ताव ठुकरा दिया था। लड्डू और पिंटू को गिरफ्तार कर लिया गया है। बिट्टू की तलाश की जा रही है।

# चिलचिलाती धूप भी नहीं रोक सकी मतदाताओं के कदम

अयोध्या। प्रत्याशियों की किस्मत लिखने के लिए हर वर्ग के लोग उमड़े। चिलचिलाती धूप भी मतदाताओं के कदम नहीं रोक सकी। मौका, मौजूदा चुनाव के छठवें चरण के तहत अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र में मतदान का था। मतदान में इस क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले अयोध्या जिला के गोसाईंगंज विधानसभा क्षेत्र के लोग भी पूरे उत्साह से शामिल हुए। सूर्यदेव कड़ी परीक्षा ले रहे थे पर वे मतदाताओं को डिगा नहीं पाये। पूर्वाह्न के 11 बजे हैं। रोहनपारा स्थित मॉडल इंग्लिश प्राइमरी स्कूल गर्मी से उबलता प्रतीत होता है पर मतदाता मौसम की प्रतिकूलता को धता बता मतदान का जश्न शिद्दत से मना रहे हैं। बढ़ती उम्र के आगे चलने–फिरने में लाचार हो चले बुजुर्ग कमला सिंह अपने भतीजे के साथ बाइक से मतदान केंद्र के सामने पहुंचते हैं। अभी वे बाइक से उतर कर बूथ तक पहुंचने की जुगत ही कर रहे होते हैं, तभी सामने से सीआरपीएफ का जवान व्हील चेयर के साथ नमूदार होता है। कमला सिंह व्हील चेयर पर बैठने के साथ यह कहते हुए आगे बढ़ते हैं कि देश को बचाना है, तो ऐसी जहमत उठानी ही होगी। कुछ ऐसा ही नजारा गोसाईंगंज बाजार स्थित रामबली नेशनल इंटर कॉलेज के सामने दिखाई देता है। बुजुर्ग प्रेमशंकर पांडेय धूप की परवाह किए बिना वोट देकर मतदान केंद्र से निकल रहे हैं। ..तो पहली बार वोट देने को तैयार युवतियों सहित महिलाओं का हुजूम मतदान केंद्र के अंदर दाखिल हो रहा होता है। आगे मतदाताओं की लंबी कतार बताती है कि लोकशाही के प्रति अनुराग कितना दृढ़ है। चिलचिलाती धूप को धता बता आदर्श मतदान केंद्र पारा गरीबशाह का सेल्फी प्वाइंट गुलजार होता है और पुरुषों के साथ महिला मतदाता स्याही लगी तर्जनी दिखा मतदान में अपनी भागीदारी का बखूबी इजहार कर रहे होते हैं।

विदाई से पूर्व किया मतदान

ग्राम परोमा निवासी राजेंद्र सिंह की पुत्री अमिता सिंह की शनिवार को शादी थी। रविवार को उनकी विदाई थी पर अमिता विदा होने से पूर्व वोट डालना नहीं भूलीं। मतदान के चक्कर में उनकी विदाई कुछ देर के लुिए मुल्तवी करनी पड़ी पर अमिता ने स्वयं का सुहाग सुनिश्चित करने के साथ लोकतंत्र का भी सुहाग सुनिश्चित किया।

मतदान का एक भी मौका नहीं गंवाया

जानाबाजार। बूथ संख्या 142 पर वोट डालने पहुंचे 101 वर्षीय रामअंजोर का उत्साह देखते ही बन रहा था। मतदान के प्रति उत्साहित रामअंजोर ने बताया कि देश की आजादी के बाद से उन्होंने मतदान का एक भी मौका नहीं गंवाया है।

मय परिवार शामिल हुए विधायक

मतदान के जश्न में विधायक इंद्रप्रताप तिवारी खब्बू भी शामिल हुए। मध्याह्न बरईकला स्थित प्राथमिक विद्यालय बूथ पर उन्होंने पत्नी, मां, भाई–बहन सहित दर्जन भर से अधिक परिवारीजनों के साथ मतदान किया।

## गो तस्करों का मददगार निकला क्राइम ब्रांच का सिपाही

अयोध्या। प्रदेश में चल रहे गो तस्करी के कारोबार पर अयोध्या पुलिस ने कड़ा प्रहार किया है। गो तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के 13 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में यूपी पुलिस का एक भगोड़ा सिपाही असगर खान भी शामिल है। जिले में गोतस्करों की मदद करने में क्राइम ब्रांच के सिपाही बलवंत सिंह का नाम भी सामने आया है। एसएसपी जोगेंद्र कुमार ने जांच के उपरांत आरक्षी बलवंत को निलंबित कर दिया है। पत्रकार वार्ता में एसएसपी जोगेंद्र कुमार ने बताया कि गिरोह का संचालन गोंडा जिले के मनकापुर निवासी नंदकिशोर बरवार व भगोड़ा सिपाही असगर खान मिलकर करते थे। नंदकिशोर मनकापुर थाने का हिस्ट्रीशीटर है, जिसके खिलाफ 15 मुकदमे दर्ज हैं। गत 11 मई को रौनाही पुलिस ने कंटेनर बरामद किया था, जिसमें 14 गोवंश बरामद हुए थे। टीम ने मौके से असगर खान, अयाज, फिरोज, आनंद कुमार, मनमोहन व इश्तीखार को गिरफ्तार कर लिया था। एसएसपी ने बताया कि गत 26 अप्रैल को शहर के नवीन मंडी क्षेत्र में दो ट्रक गोवंश बरामद हुए थे। मौके से चार गौतस्करों को गिरफ्तार किया गया था। इस बरामदगी के बाद पूरे जिले में गोतस्करों को पकड़ने के लिए गोपनीय अभियान चलाया गया, जिसके परिणाम स्वरूप ये गिरोह हाथ लगा।

## मदर्स डे पर महिलाओं ने रखे विचार

अयोध्या। संत कंवलराम धर्मशाला में आयोजित मदर्स–डे के अवसर पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो सिंधु लेडीज क्लब रामनगर कालोनी में हुआ। इसमें सिंधी समाज के महिलाओं ने मां के ऊपर अपने–अपने विचार रखकर हमारे जीवन में मां की महत्व को दर्शाया, जिसको एक शाम




मां के नाम दिया। इस दौरान प्रबंधक सिन्धु लेडीज क्लब सुरेश पंजवानी व किरण पंजवानी के अलावा तमाम सदस्य गण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। माला खत्री, आशीष कौर, सुनौवर, अनीता चावला, गुरुमीत कौर, ज्योति आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## फिर पकड़ी गई बिना लाइसेंस चल रही शराब की दुकान

बीकापुर (अयोध्या)। कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर गांव में बगैर लाइसेंस के चल रही अंग्रेजी शराब की दुकान को सीज कर दिया गया। पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी आशुतोष मिश्र ने बताया कि उप निरीक्षक अश्विनी कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ चांदपुर में संचालित अंग्रेजी शराब के ठेके पर पहुंचकर जांच किया तो जांच में दुकान का लाइसेंस 15 अप्रैल तक ही वैध पाया गया। लाइसेंस की अवधि नहीं बढ़ाई गई थी। शराब के सेल्समैन कृष्ण कुमार निवासी खड़भड़िया बगैर लाइसेंस के शराब की बिक्री की जा रही थी। दुकान में स्टाक में काफी मात्रा में शराब की शीशी मिली है, जिनको सीजकर दर्ज मुकदमे की विवेचना की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत

अमानीगंज (अयोध्या)। अमानीगंज शिक्षा क्षेत्र पाराताजपुर के सहायक अध्यापक दीपक शुक्ला पुत्र शीतला प्रसाद शुक्ला की आज एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। दीपक शुक्ला खंडासा थाना क्षेत्र के बहादुरगंज चौराहे पर किराए के मकान में रहते थे। वह आज दोपहर 2रू30 बजे अपनी बहन के यहां कहकर जाने के लिए निकले थे। मुख्य रूप से उनका निवास स्थान मेराबैश्य इनायतनगर बताया जा रहा है, उनका वाहन कुचेरा से शाहगंज रोड पर अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गया, किस गाड़ी ने उनके वाहन को टक्कर मारी, इसका पता नहीं चल सका। राहगीरों ने उन्हें उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में उन्हें जिला अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इनायतनगर पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## गोसाईंगंज विधानसभा में जमकर बरसे वोट

मयाबाजार (अयोध्या)। लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान में गोसाईंगंज विधानसभा में जमकर वोट बरसे। यहां कुल 60.1 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह सात से शाम छह बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लगभग आधा दर्जन मतदान केंद्रों पर इवीएम खराबी के चलते मतदान कुछ देर के लिए बाधित रहा। अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र के गोसाईंगंज



विधानसभा में 60.1 प्रतिशत मतदान हुआ। मया विकासखंड के बूथ संख्या 412 गौहनिया में इवीएम खराबी के चलते मतदान आठ बजे शुरू हुआ। पकरेला बूथ संख्या 73 पर 15 मिनट तक मतदान इवीएम खराबी के चलते बाधित रहा। देवाश्री भानपुर बूथ संख्या 335 पर इवीएम खराबी के चलते 7:30 बजे मतदान शुरू हुआ दोपहर 1:00 बजे यहां मशीन पुणे खराब हो गई, जिसे इंजीनियर नेहा ने ठीक किया। इसके बाद 2.15 बजे पूनम मतदान शुरू हुआ।

## सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत, एक बालिका घायल

गोंडा। जिले में रविवार को कस्बे में एक ट्रेलर से बाइक को लगी टक्कर से दो महिलाओं की मौके पर ही मृत्यु हो गई। चालक सहित एक बालिका घायल हो गई। फरार ट्रेलर को पुलिस ने नवाबगंज से पकड़ा। घायलों को स्थानीय सीएचसी भेजा गया है। थाना तरबगंज क्षेत्र के चमसुहा बनगांव निवासी अरमान अली उर्फ रहमान द्वारा दर्ज कराए गए केस के अनुसार वह अपनी पत्नी रूबीना(32),बहन जिलेखा(27)पत्नी निजामुद्दीन उर्फ राजू निवासिनी कोंड़र व बहन की पुत्री हिना(4)वर्ष के साथ एक बाइक से वजीरगंज के अशोकपुर रौजा दरगाह शरीफ से दर्शन करके लौट रहा था। वह जब कस्बे की सब्जी मंडी के समीप पहुंचा तभी कासगंज से सरसों लाद कर पश्चिम बंगाल जा रहे एक ट्रेलर ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। सड़क पर गिर पड़ी रूबीना व जिलेखा ट्रेलर से कुचल गईं व उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि चालक अरमान अली व उसकी भांजी हिना घायल हो गए। हिना का स्थानीय सीएचसी में इलाज कराया गया। चालक अरमान को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अरमान की तहरीर पर पुलिस ने ट्रेलर के अज्ञात चालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के अनुसार दोनों मृत महिलाएं गर्भवती थीं।

## गैस सिलेंडर में लिकेज होने से लगी आग में महिला और लड़की गंभीर

गोंडा। रसोई में सेहरी बनाते समय अचानक रसोई गैस सिलेंडर में लिकेज होने से लगी आग में एक महिला और एक लड़की गंभीर रूप से झुलस गयी। घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल ले जाया गया। आग में झुलसी 8 वर्षीय बालिका की गुरूवार की रात उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना मसकनवा चौकी क्षेत्र के खालेगांव ग्राम पंचायत की है। गांव के निवासी आविद अली ने बताया कि गुरुवार की सुबह तीन बजे उसकी पत्नी साजिदा सुबह चल रहे रोजे के लिए सेहरी बना रही थी। अचानक गैस सिलेंडर लीक होने से पक्के मकान में आग लग गई। भयंकर रूप से लगी आग से घर की दीवारें व छत टूट गया। गांव के लोगों ने काफी मेहनत कर आग पर काबू पाया। अग्निकांड में आबिद अली की पत्नी साजिदा 45 वर्ष तथा उसकी भांजी जैनम 8 वर्ष गंभीर रूप से झुलस गई। घायलों को जिला चिकित्सालय गोंडा ले जाया गया। जहां दोनों की हालत नाजुक होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। आबिद अली ने बताया देर रात उपचार के दौरान उसकी भांजी जैनम की मौत हो गई तथा उसकी पत्नी साजिदा की हालत गंभीर है। उसका इलाज लखनऊ सिविल अस्पताल में चल रहा है।

## कायस्थ समाज ने सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष का किया स्वागत

गोंडा। धार्मिक संस्था अखिल भारतीय कायस्थ सभा यूनिट द्वारा जिला अध्यक्ष देवता प्रसाद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सिविल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विवेक मणि श्रीवास्तव का माल्यार्पण कर कायस्थ समाज की ओर से स्वागत किया गया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष सभा के अध्यक्ष अविनाश चंद्र श्रीवास्तव के सानिध्य में चित्रगुप्त भगवान के मंदिर स्थित महाराजगंज में मासिक आरती और प्रसाद वितरण का भी कार्यक्रम किया गया। अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि कायस्थ समाज के उत्थान के लिए जो कुछ भी करना पड़ेगा उसको किया जाएगा और समाज की विषम परिस्थितियों में मैं स्वयं सुरक्षा कवच के रूप में उपस्थित रहूंगा। सभा में सामाजिक कार्यकर्ता धर्मवीर आर्य, श्री योशित सक्सेना , विशाल श्रीवास्तव, दिनेश चंद्र श्रीवास्तव, अधिवक्ता विनोद कुमार श्रीवास्तव, संतोष कुमार श्रीवास्तव, केके श्रीवास्तव ,संतोष कुमार, अनिल कुमार श्रीवास्तव, विष्णु दत्त श्रीवास्तव मोहनलाल श्रीवास्तव सुशील कुमार श्रीवास्तव महेश कुमार व समाज के सैकड़ों लोग व रेखा श्रीवास्तव रहीं।

## लगातार चौथी बार जनसुनवाई में गोंडा जिला अव्वल

गोंडा। एक बार फिर गोंडा जिला ने जनसुनवाई में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जनपद को यह स्थान लगातार चौथी बार प्राप्त हुआ है। पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह ने जनपद में आगमन के पश्चात जनसुनवाई को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताया था। इसका अनुपालन प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को सुनिश्चित कराने के लिए अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर करते हुए कड़े निर्देश भी जारी किए थे। जनसुनवाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक ने कई बार पुलिस कार्यालय के अतिरिक्त भी जनता की समस्याओं को सुना तथा उनका निराकरण कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को कायम रखते हुए माह अप्रैल में चुनावी गतिविधियों के कारण अति व्यस्त रहने के दौरान भी जनसुनवाई की जाती रही। जिसके फलस्वरुप माह अप्रैल में भी जनसुनवाई में गोंडा द्वारा पुनः प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए लगातार चौथी बार श्रेय हासिल किया।

## गोंडा से सुल्तानपुर के लिए फोर्स रवाना

गोण्डा। लोकसभा चुनाव के अगले चरण के मतदान के लिए गुरुवार को यहां पुलिस लाइन से सुरक्षा बलों को आचार संहिता और कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ा कर रवाना किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र कुमार ने सुरक्षा बलों को व्यवस्था को लेकर सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्धारित मानकों के तहत मतदाताओं को सुरक्षा का भरो दिलाते हुए मतदान ड्यूटी का निर्वहन करना है। एएसपी ने बताया कि रवाना होने से पहले फोर्स को रिहर्सल कराई गई और दवाओं के साथ साथ अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। यहां से सुल्तानपुर भेजी गई फोर्स को बसों से रवाना किया गया है।

# करोड़ों की कीमत की चोरी गई ऋषि पाराशर की मूर्ति बरामद

गोंडा। जिले में थाना परसपुर क्षेत्र अंतर्गत पसका घाट के पास सरयू नदी के किनारे उमरी परसपुर पुलिस की एक संयुक्त टीम ने एक सूचना के आधार पर पांच करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की पाराशर ऋषि की चोरी हुई अष्टधातु की मूर्ति बरामद की है। चोरों ने मूर्ति को खंडित कर के मूर्ति को दो भागों में बांट दिया है। इसके पूर्व भी मूर्ति चोरी होने पर मूर्ति तस्करों ने पराशर ऋषि के मूर्ति को दोनों हाथ व दोनों पैर काट कर अन्यत्र ले गए थे। शेष मूर्ति परास मझवार गांव के ही एक जमीन में गाड़ दी थी जो बाद में 15 साल बाद एक खुदाई के दौरान बरामद हुई थी। थाना अध्यक्ष जीतेंद्र यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर ही कार्रवाई कर पुलिस ने मूर्ति बरामद कर ली। मूर्ति के मूल्य और उसमें प्रयुक्त धातु की जांच कराई जा रही है और प्राथमिक जांच में इसे पांच करोड़ रुपए से भी अधिक मूल्य का पाया गया है। क्षेत्र के जिला पंचायत प्रतिनिधि अतुल सिंह ने पाराशर ऋषि की मूर्ति मिलने पर साथियों सहित हर्ष व्यक्त किया तथा साथ में यह भी कहा जिस किसी भी व्यक्ति ने पाराशर मूर्ति की यह दुर्दशा की है उसको किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। जल्द ही पुलिस के उच्चाधिकारियों से मिलकर पुलिस विभाग पर इस बात का दबाव डाला जाएगा कि दोषियों को तत्काल पकड़कर उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने बताया कि पहले भी विशेषज्ञों ने जांच में पाया कि यह मूर्ति दुर्लभ है और इसके जिस भाग को गर्म किया जाता है, वह भाग शीतल ही रहता है। इसको केवल काट कर ही अलग किया जा सकता है। बता दें कि 5 अप्रैल की रात्रि थाना के परास मझवार गांव में करीब 150 वर्ष पुरानी ऋषि पाराशर की मूर्ति चोरी कर ली गई थी। अष्टधातु की इसकी कीमत करोड़ों में आंकी गई है। मूर्ति के महत्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जाता है कि ब्रिटिश काल में लॉर्ड सेवंथ द्वारा अयोध्या परिक्षेत्र में 148 महत्वपूर्ण पौराणिक स्थलों को चिन्हित किया गया था जिसमें प्रथम नंबर राम जन्म भूमि का तथा 143 वां नंबर ऋषि पाराशर आश्रम का था जिसका शिलापट आज भी आश्रम में लगा हुआ है। पाराशर ऋषि की मूर्ति भी 90 के दशक में चोरी हुई थी जिस में चोरों ने हाथ व पैरों की कुछ हिस्से निकाल कर नदी किनारे छिपा दिया गया था जो 26 मई 1917 को एक खेत के समतलीकरण के दौरान गांव वालों को मिली जिसे पुनः उसी आश्रम में विधिवत पूजा पाठ करके स्थापित कर दिया था। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दिलीप उपाध्याय ने बताया की मूर्ति को सुरक्षा की दृष्टि से माल खाने में जमा किया जा रहा है। संयुक्त टीम में प्रमुख रूप से थानाध्यक्ष परसपुर बृजेंद्र कुमार एवं उमरी थानाध्यक्ष जीतेंद्र कुमार यादव वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दिलीप कुमार उपाध्याय, राजकुमार, ललित सिंह सहित दसियों पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## खुले पड़े शौचालय टैंक में गिरने से मासूम की मौत

गोंडा। जिले में शनिवार की सुबह कोतवाली इलाके के चाइनपुरवा मलौना गांव में खुले पड़े शौचालय के टैंक में गिरकर एक तीन वर्षीय मासूम बालक की डूबकर मौत हो गयी। घटना की सूचना लगते ही पूरा गांव व आसपास के लोग एकत्र हो गये । तो वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरवाकर शव को परिजनों के हवाले कर दिया है। घटना कोतवाली इलाके के मलौना गांव के मजरा चाईनपुरवा की है। बताया जाता है कि इसी गांव के निवासी रामनेन्दर का तीन वर्षीय बालक ददन सुबह अपने घर के पास ही खेल रहा था। इसी बीच घर से थोड़ी दूर पर स्थित गांव के ही विशराज का घर है। जहां घर के बगल में ही उन्होनें स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत शौचालय का निर्माण करवाया है। परन्तु शौचालय पूरा न बना कर आधे अधूरे पड़े शौचालय के टैंक में पानी भर कर मछलियां पालने का काम किया जा रहा था। जिससे टैंक को एक कपड़े से ढक रखा था। मृतक बालक के परिजनों ने बताया कि शायद बच्चा खेलते समय टैंक में गिर गया। बाद में उसका शव टैंक में तैरता हुआ दिखाई दिया। जैसे ही घटना की सूचना गांव व आसपास के इलाके में लगी तो भारी तादाद में लोग एकत्र हो गये। तो वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा था। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंची करनैलगंज कोतवाली पुलिस ने पंचनामा करवाकर शव को परिजनों के हवाले कर दिया।

## आग से आधा दर्जन घर जलकर राख

गोंडा। जिले के तरबगंज थाना क्षेत्र के चंदीपुर गांव में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में आधा दर्जन घर जलकर राख हो गए। आग ने फूस और मिट्टी के ब्रह्मानंद, अकबर हुसैन, मोहम्मद यासीन, बकरीदी व इसराइल के फूस के आशियाने को अपना निवाला बना लिया। आग में बकरीदी की मोटरसाइकिल, अनाज ,कपड़े तथा अन्य गृहस्ती के सामान जलकर राख हो गए हैं। शार्ट सर्किट से लगी आग को बुझाने के लिए अग्निशमन टीम जब तक गांव में पहुंची सब कुछ जलकर राख हो गया था। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया लेकिन आग काबू पाने में विफल रहे। क्षेत्रीय लेखपाल ने आग में नुकसान का जायजा लेकर रिपोर्ट तहसील में भेज दी है।

## शौचालय के टैंक में गिरने से मासूम की मौत

गोंडा। खुले में शौच से मुक्ति दिलाने को सरकार शौचालय निर्माण के लिए प्रोत्साहन राशि दे रही। इसके बावजूद लोग शौचालय का निर्माण कार्य पूरा नहीं करा रहे हैं। ऐसे ही एक अधूरे शौचालय ने तीन वर्षीय बालक की जान ले ली। हादसा कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र में हुआ। क्षेत्र के ग्राम मलौना चाइन पुरवा निवासी विश्राम को सरकार की ओर से संचालित शौचालय सुविधा का लाभ मिला था। करीब छह माह पूर्व उसका निर्माण शुरू हुआ लेकिन, अबतक पूरा नहीं हो सका। शनिवार की सुबह इनके पड़ोसी रामइंदर का तीन वर्षीय पुत्र दद्दन खेलते–खेलते शौचालय टैंक के पास पहुंच गया। टैंक खुला होने के कारण वह उसमें गिर गया। टैंक में पानी भरा होने के कारण बालक की डूबने से मौत हो गई। परिवारवाले इस अनहोनी से बेखबर रहे। काफी देर तक बालक नहीं दिखा तो उसकी खोजबीन शुरू हुई। इस दौरान उसका शव शौचालय के टैंक में मिला। इस हादसे से गांव में मातम छा गया। पीड़ित मां और पिता के करुण क्रंदन से हर कोई द्रवित हो उठा। कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की कोई शिकायत नहीं की गई। इस कारण शव का पंचनामा करवाकर परिवारजनों को सौंप दिया गया। प्रधान दुर्गा प्रसाद पांडेय ने बताया कि लाभार्थी विश्राम को छह माह पहले पहली किस्त की धनराशि का भुगतान कर दिया गया था। निर्माण पूरा न होने पर दूसरी किस्त नहीं दी गई।

## 24 घंटे बाद भी नहीं मिला शव का सिर

गोण्डा। जिले के तरबगंज क्षेत्र के बनगांव मुरावन पुरवा में सिर को धड़ से अलग करके हत्या मामले में युवक का सिर ढूढ़ने में पुलिस की सारी ताकतें फेल साबित हो रही हैं। चौबीस घंटे बीतने के बावजूद भी जिले के सारे खोजी दस्ते व सर्किल की सारी पुलिस मिलकर भी कोई परिणाम नहीं निकाल सके। यहां तक कि नामजद मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पायी। मामला बीते बुधवार का है जहां पर बनगांव के मुरावन पुरवा के 30 वर्षीय विश्वनाथ सिंह की सिरकटी लाश गांव से एक किलोमीटर दूर सेवड़ा पुरवा के पास एक कुएं से पुलिस ने बरामद की थी। जिसमें मृतक के छोटे भाई बृजनाथ ने स्थानीय थाने में डीहा गांव के भारत सिंह सहित चार अज्ञात लोगों पर हत्या करके लाश गायब करने का आरोप लगाया था। वहीं मृतक के परिजनों में मातम पसरा हुआ है। आरोपी की गिरफ्तारी न होने से परिवार व आसपास के लोगों में घटना को लेकर दहशत व्याप्त है। हालांकि थानाध्यक्ष संजय कुमार दूबे ने बताया कि जिले सर्विलांस, डॉग स्क्वाड,फोरेंसिक टीम सिर की तलाश में लगी हैं।

# CSK को महज 1 रन से हराकर चौथी बार चैंपियन बनी मुंबई इंडियंस




हैदराबाद। जसप्रीत बुमराह और राहुल चाहर की कसी हुई गेंदबाजी के बाद लेसिथ मलिंगा के आखिरी ओवर के कमाल से मुंबई इंडियन्स ने उतार चढ़ाव से भरे रोमांचक फाइनल में रविवार को यहां चेन्नई सुपरकिंग्स को एक रन से हराकर चौथी बार आईपीएल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। चेन्नई के सामने 150 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम शेन वाटसन के 59 गेंदों पर 80 रन के बावजूद सात विकेट पर 148 रन ही बना पायी। चेन्नई को आखिरी ओवर में नौ रन चाहिए थे लेकिन इसमें उसने वाटसन का विकेट गंवा दिया। मैच का परिणाम अंतिम गेंद पर निकला जिसमें चेन्नई को दो रन की दरकार थी लेकिन मलिंगा ने यार्कर पर शार्दुल ठाकुर को पगबाधा आउट कर दिया।

इससे पहले मुंबई की टीम नियमित अंतराल में विकेट गंवाने के कारण क्विंटन डिकाक (17 गेंदों पर चार छक्कों की मदद से 29) से मिली अच्छी शुरुआत और कीरेन पोलार्ड (25 गेंदों पर नाबाद 41, 4x3, 6x3) के उपयोगी योगदान देने के बावजूद आठ विकेट पर 149 रन ही बना पाया। मुंबई और चेन्नई के बीच यह चौथा फाइनल था जिसमें मुंबई तीन बार चैंपियन बना है। इन दोनों टीमों के बीच हमेशा पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती है और इस बार भी यह क्रम जारी रहा। शायद यही सोचकर रोहित शर्मा ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। मुंबई ने इससे पहले 2013, 2015 और 2017 में खिताब जीते थे और इस तरह से उसने एक साल छोड़कर खिताब जीतने का क्रम जारी रखा। उसने 2013 और 2015 के फाइनल में भी चेन्नई को हराया था। रोहित शर्मा ने कप्तान के रूप में चौथा खिताब भी जीता। मुंबई की जीत में उसके गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभायी। बुमराह और चाहर ने अपने कोटे के चार चार ओवरों में 14—14 रन दिये और क्रमशरू दो और एक विकेट हासिल किया। मिशेल मैकलेनगन ने भी चार ओवर में 24 रन दिये। मुंबई का क्षेत्ररक्षण हालांकि अच्छा नहीं रहा। अकेले वाटसन को ही तीन जीवनदान मिले। इससे पहले दीपक चाहर ने मुंबई को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया था।उन्होंने 26 रन देकर तीन विकेट लेने में सफल रहे। उनके अलावा इमरान ताहिर (23 रन देकर दो) और ठाकुर (37 रन देकर दो) ने भी अच्छी गेंदबाजी की। मुंबई की तरह चेन्नई का शीर्ष क्रम भी लड़खड़ा गया। फाफ डुप्लेसिस (13 गेंदों पर 26 रन) ने जिस तरह से चौथे ओवर में क्रुणाल पंड्या की तीन गेंदों पर दो चौके और एक छक्का लगाया उससे मुंबई के समर्थक बैचेन थे लेकिन दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज ने इसी ओवर में अति उत्साही शॉट लगाने के प्रयास में अपना विकेट इनाम में दे दिया।

वाटसन ने जमने में ज्यादा समय नहीं लगाया और मलिंगा पर दो चौके और छक्का जड़कर हाथ खोले, लेकिन दूसरे छोर से विकेट गिरने से वह धीमे पड़ गये। सुरेश रैना (14 गेंदों पर आठ रन) पहली बार डीआरएस के सहारे टिके रहे लेकिन राहुल चाहर की पगबाध ा की अपील पर रिव्यू उनके काम नहीं आया। बुमराह ने नये बल्लेबाज अंबाती रायुडु (एक) को आते ही विकेट के पीछे कैच करवा दिया लेकिन टर्निंग प्वाइंट तब आया जब महेंद्र सिंह धोनी (आठ गेंदों पर दो रन) ओवरथ्रो पर दूसरा रन लेने के प्रयास में रन आउट हो गये। धोनी को आउट देने के लिये तीसरे अंपायर को कई कोण से रीप्ले देखना पड़ा। पंद्रह ओवर के बाद चेन्नई चार विकेट पर 88 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था। ऐसे मौके पर ड्वेन ब्रावो (15) ने मलिंगा के अगले ओवर में छक्का जबकि वाटसन ने तीन चौके लगाये। चेन्नई को जब 18 गेंदों पर 38 रन की दरकार थी तब इस आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ने क्रुणाल पर लगातार तीन छक्के लगाये।

लेकिन बुमराह ने ब्रावो को आउट करके मैच में फिर रोमांच भर दिया और मलिंगा आखिरी ओवर में नौ रन का बचाव करने में सफल रहे। इससे पहले डिकाक ने दीपक चाहर के दूसरे ओवर में तीन छक्कों की मदद से 20 रन बटोरे थे लेकिन इस तेज गेंदबाज ने बाकी तीन ओवर में केवल छह रन दिये। इनमें पारी का 19वां ओवर में भी शामिल है जिसमें उन्होंने चार रन दिये। मुंबई को पहले छह ओवर में रोहित शर्मा (14 गेंदों पर 15 रन) और डिकाक के विकेट गंवाये। शार्दुल ने डिकाक को जबकि दीपक चाहर ने रोहित को धोनी के हाथों कैच कराया। धोनी का यह आईपीएल में विकेटकीपर के रूप में 132वां शिकार था जो कि रिकार्ड है। चाहर का यह ओवर मेडन रहा जिससे छह ओवर के बाद मुंबई का स्कोर दो विकेट पर 45 रन हो गया।

सूर्यकुमार यादव (17 गेंदों पर 15) और इशान किशन (26 गेंदों पर 23) ने विकेट बचाने को तरजीह दी। बीच में चार ओवर में केवल 13 रन बने। धोनी ने 12वें ओवर में ताहिर को गेंद सौंपी और उन्होंने दूसरी गेंद पर ही सूर्यकुमार को बोल्ड कर दिया जबकि ठाकुर ने नये बल्लेबाज क्रुणाल (सात) का अपनी ही गेंद पर दौड़ लगाकर लाजवाब कैच लिया। पोलार्ड ने 15वें ओवर में ताहिर पर छक्का जड़कर टीम का स्कोर तिहरे अंक में पहुंचाया लेकिन दक्षिण अफ्रीकी लेग स्पिनर ने इसी ओवर में किशन को आउट करके आईपीएल 2019 में 'पर्पल कैप' अपने नाम पर तय की। यह ताहिर का 26वां विकेट था और उन्होंने हमवतन कैगिसो रबाडा (12 मैचों में 25) को पीछे छोड़ा। हार्दिक पंड्या (दस गेंदों पर 16) जब चार रन पर थे तब सुरेश रैना ने उनका कैच छोड़ दिया। ठाकुर के इस ओवर में पोलार्ड और हार्दिक ने एक एक छक्के की मदद से 16 रन बटोरे। चाहर ने हालांकि अगले ओवर में हार्दिक को पगबाधा आउट करके चेन्नई विशेषकर रैना को राहत पहुंचायी। मुंबई ने अंतिम दो ओवरों में केवल 13 रन बनाये और इस बीच तीन विकेट गंवाये।

## 19वें ओवर में पोलार्ड की हरकत से अंपायर खफा, लगाई फटकार

हैदराबाद। मुंबई इंडियन्स के नाराज बल्लेबाज कीरोन पोलार्ड ने रविवार को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ आईपीएल फाइनल के दौरान वाइड की लाइन के समीप स्ट्राइक ली और इसके बाद पिच से लगभग बाहर चले गए जिसके लिए उन्हें अंपायरों से फटकार का सामना करना पड़ा। पोलार्ड हालांकि विरोध स्वरूप डटे रहे। मुंबई इंडियन्स की पारी के अंतिम ओवर में पोलार्ड लगातार वाइड की लाइन की ओर खिसक रहे थे और ब्रावो ने इसे भांपते हुए वाइड की लाइन के बाहर लगातार तीन खाली गेंद की। पहली गेंद पोलार्ड के बल्ले से लगी लेकिन बाकी दो गेंद को अंपायर नितिन मेनन ने वाइड नहीं दिया। तीसरी गेंद के बाद पोलार्ड की हताशा साफ देखी जा सकती थी और उन्होंने बिना कुछ बोले बल्ला हवा में उछाल दिया। ब्रावो इसके बाद जब चौथी गेंद फेंकने के लिए बढ़े तो पोलार्ड ने स्टंप खाली छोड़ दिए और वाइड की लाइन की ओर बढ़ गए। खेल भावना के विपरीत इस आचरण के लिए स्क्वायर लेग के अंपायर इयान गोल्ड और मेनन ने इस सीनियर बल्लेबाज को फटकार लगाई। पोलार्ड ने हालांकि इस दौरान विरोध स्वरूप कुछ नहीं बोला और बल्लेबाजी के लिए तैयार हो गए।



## महामुकाबला हारने के बावजूद धोनी ने बनाया ये शानदार रिकॉर्ड

हैदराबाद। चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी रविवार को आईपीएल के इतिहास में सबसे सफल विकेटकीपर बन गये। धोनी के आईपीएल में कुल शिकार की संख्या 132 पहुंच गयी है और इस तरह से उन्होंने दिनेश कार्तिक को पीछे छोड़ा है। धोनी ने मुंबई इंडियन्स के खिलाफ आईपीएल फाइनल में दो कैच लिये। उनके नाम पर अब 94 कैच और 38 स्टंप आउट शामिल हैं। कार्तिक के नाम पर 131 शिकार दर्ज हैं जबकि रोबिन उथप्पा ने 90 शिकार किये हैं। धोनी ने दीपक चाहर की गेंद पर रोहित शर्मा का कैच लेकर यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले उन्होंने शार्दुल ठाकुर की गेंद पर क्विंटन डिकाक का कैच लिया था।

## विश्व कप से पहले आखिर हार्दिक पांड्या ने क्यों बोला अब है आगे बढ़ने का समय

हैदराबाद। मुंबई इंडियंस के साथ शानदार आईपीएल सत्र खिताब के साथ खत्म होने के बाद हरफनमौला




हार्दिक पंड्या की नजरें अब विश्व कप पर है। मैदान से बाहर के विवादों को भुलाते हुए हार्दिक ने मुंबई के लिये 191 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 402 रन बनाये, 14 विकेट लिये और 11 कैच लपके। उन्होंने फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स पर मिली एक रन से जीत के बाद कहा कि मैंने इस सत्र में अच्छा खेला लेकिन अब आगे बढने का समय है। मैं विश्व कप खिताब भी जीतना चाहता हूं। हार्दिक और उनके भाई कृ णाल टीनएजर थे जब 2008 में आईपीएल शुरू हुआ । दो बार (2017) साथ में खिताब जीतना उनके लिये सपना सच होने जैसा था।

हार्दिक ने कहा कि मेरे कमरे में मुंबई इंडियंस के पोस्टर लगे थे। उनके साथ खिताब जीतना शानदार अनुभव है। उन्होंने कहा कि कई लोग कह रहे थे कि हम इस सत्र में चेन्नई से तीन बार जीत चुके हैं और चेन्नई चौथी बार जीतेगी लेकिन मैने कृणाल से कहा कि हम चौथा मैच भी जीतेंगे। आज मेरा वजन कुछ किलो कम हो गया। यह इतना तनावपूर्ण मैच था। कृणाल ने कहा कि हार्दिक का प्रदर्शन अदभुत रहा है। मुझे किसी और से प्रेरणा लेने की जरूरत ही नहीं है। मेरे पास हार्दिक है।

# स्टाइल में हॉलीवुड की हसीनाओं को कॉपी करती है सोनाक्षी सिन्हा, ये तस्वीरें हैं सबूत

फैशन के मामले में बात चाहे हॉलीवुड स्टार्स की हो या बॉलीवुड सेलेब्स की... अक्सर ये सिलेब्रिटीज अपने ड्रेसिंग सेंस और पहनावे से फैंस और फॉलोअर्स को हैरान कर देते हैं। हॉलीवुड टीवी रियलिटी स्टार किम कार्दाशियन अपनी हॉट लुक को लेकर हमेशा सुर्खियों में ही रहती हैं। उनके लुक को हर कोई पसंद करता है। बॉलीवुड स्टार्स भी किम के फैशन फॉलो करते हैं। ऐसी ही एक एक्ट्रेस है सोनाक्षी सिन्हा।

सोनाक्षी कई इवेंट में किम जैसी ड्रेसेस पहने नजर आ चुकी हैं। इसके अलावा सोनाक्षी हॉलीवुड स्टार काइली जेनर, केंडल जेनर, कार्टनी कार्दाशियन, क्रिस जेनर के ड्रेसिंग सेंस को भी फॉलो करती हैं। किम कार्दाशियन–सोनाक्षी सिन्हा,केंडल जेनर– सोनाक्षी सिन्हाक्रिस जेनर–सोनाक्षी सिन्हा,काइली जेनर–सोनाक्षी सिन्हा,कोल कार्दाशियन – सोनाक्षी सिन्हा,कार्टनी कार्दाशियन–सोनाक्षी सिन्हा वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनाक्षी की फिल्म कलंक हाल ही में रिलीज हुई है। फिल्म में सोनाक्षी के अलावा वरुण धवन, आलिया भट्ट, आदित्य राय कपूर, संजय दत्त, माधुरी दीक्षित मुख्य भूमिका में थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। इसके अलावा सोनाक्षी दबंग 3 की शूटिंग में बिजी हैं।







## नेट गाउन में एमी जैक्सन का कहर, बेड पर लेट यूं फ्लॉन्ट किया बेबी बंप


ब्रिटिश मॉडल और बॉलीवुड एक्ट्रेस एमी जैक्सन इन दिनों वो अपने प्रेग्नेंसी पीरियड को खूब एंजॉय कर रही हैं। उन्होंने 1 जनवरी को बॉयफ्रेंड जॉर्ज पानायियोटौ के



साथ सीक्रेट सगाई कर सबको हैरान कर दिया। बीते दिनों उन्होंने अपने प्रेग्नेंसी की खबर फैंस के साथ शेयर की थी। एमी शादी से पहले मां बनने वाली हैं। एमी नेट ब्लैक गाउन पहने हुए बेड पर लेटे हुए कुछ सोचती नजर आ रही हैं। तस्वीर में उनका फिगर देखने लायक है। बेड पर लेटी हुईं एमी ग्लैमरस अंदाज में अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट करती दिखाई दे रही हैं। तस्वीर में उनका फिगर देखने लायक है। तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है–मैं तुम्हारे बारे में सोच रही हूं लिटिल वन। प्रेग्नेंसी के दौरान एमी फैशन वीक का हिस्सा भी बनीं थीं। जहां पर वह रेड कलर की बोल्ड ड्रेस में बेबी बंप फ्लॉन्ट करती दिखाई दी थीं। इस तस्वीर को एमी ने खुद सोशल मीडिया पर शेयर किया था। बता दें कि बॉलीवुड एक्ट्रेस एमी जैक्सन अपने बॉयफ्रेंड जॉर्ज पानायिटू संग लंबे समय से रिलेशनशिप में हैं। खबरों की मानें तो ये कपल साल 2020 में डेस्टिनेशन वेडिंग करेगा। इस कपल ने शादी के लिए ग्रीस को चुना है। एमी बीच साइड वेन्यू चाहती थीं। बीच के पास स्थित किसी विला में एमी और जॉर्ज क्रिश्चियन रीति से शादी करेंगे। दोनों लिव इन पार्टनर हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो एमी आखिरी बार 2.0 में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके साथ रजनीकांत और अक्षय कुमार अहम किरदार मे थे। एमी बॉलीवुड से पहले साउथ की फिल्मों में काम करती थीं। उन्होंने साल 2012 में फिल्म एक दीवाना था से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद वो फ्रीकी अली और सिंह इज ब्लिंग में भी नजर आईं।

## सत्ते पे सत्ता के रीमेक में नजर आ सकती है शाहरुख–कैटरीना की जोड़ी

बॉलीवुड एक्टर अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी की फिल्म सत्ते पे सत्ता के रीमेक की खबरें काफी सुर्खियों में है। जानकरी के मुताबिक, फराह खान के साथ मिलकर रोहित शेट्टी अपने प्रॉडक्शन से ये फिल्म बनने की तैयारी में हैं। इन दोनों ने इस फिल्म पर काम करने शुरू कर दिया है। साथ ही इस फिल्म की कास्ट भी तकरीबन फाइनल की है। खबर के अनुसार, मेकर्स ने शाहरुख खान और कैटरीना कैफ को इस फिल्म में लेने का मन



बना लिया है। हालांकि अभी तक फिल्म को लेकर किसी तरह की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अगर इस फिल्म के लिए शाहरुख–कैटरीना की जोड़ी फाइनल होती है तो ये दोनों तीसरी बार पर्दे पर नजर आएंगे। इस प्रॉजेक्ट से जुड़े एक सॉर्स ने जानकरी देते हुए कहा–काम करने के मामले में फराह खान की पहली पसंद हमेशा शाहरुख खान होती है। ये दोनों पिछले बार 'हैपी न्यू इयर' फिल्म में साथ काम करते हुए नजर आए थे। 'हैपी न्यू इयर' के बाद सत्ते पे सत्ता के रीमेक से ये दोनों धमाकेदार वापसी करेंगे। इन दोनों के लिए ये फिल्म एक अच्छा मौका है। फराह खान की आइडिया से रोहित शेट्टी भी सहमत है। शाहरुख और कैटरीना की जोड़ी को सत्ते पे सत्ता के रीमेक में लेने के लिए रोहित ने भी हरी झंडी दिखा दी है। मेकर्स ने इस फिल्म की स्क्रिप्ट शाहरुख और कैटरीना को दिखाई दी है। अब सिर्फ फिल्म साइन होनी बाकी है।

स्वामी/प्रकाशक/मुद्रक/सम्पादक कपिल देव शुक्ला द्वारा विभव प्रिंटर्स गाटा सं0:25 लोलेपुर सुलतानपुर उ0प्र0. से मुद्रित तथा सलीमपुर ग्रेन्ट,पो0 व थाना कूरेभार, जिला-सुलतानपुर (उ0प्र0) से प्रकाशित सम्पादक : **कपिल देव शुक्ला**, मो0 9415739288, 9721748962 सह संपादक : **अंकित ''राधे''**
E-mail: kdshukla.79@gmail.com, वेबसाईट : www.kdnewslive.in समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र सुल्तानपुर न्यायालय होगा।